मिशन पढ़ो राजस्थान के तहत रीड ए थोन गतिविधि आयोजित

जोधपुर,वेब वार्ता ।मिशन पढ़ो राजस्थान 2026 के अंतर्गत गुरुवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय महामंदिर तथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सांसी कॉलोनी रातानाडा में रीड ए थोन गतिविधि का आयोजन किया गया।

समग्र शिक्षा एवं रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त प्रयासों से आयोजित इस गतिविधि में शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने एक साथ बैठकर विद्यालय पुस्तकालय की पुस्तकों का सामूहिक पठन किया।



इस दौरान विद्यालयों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुखर वाचन, स्वतंत्र पठन, जोड़ों में पठन सहित विभिन्न पुस्तकालय आधारित गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई तथा पुस्तकों के माध्यम से सीखने की आनंददायक प्रक्रिया का अनुभव किया।

शिक्षकों ने भी नियमित पठन की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि पुस्तकालय आधारित गतिविधियाँ बच्चों के भाषा कौशल, पठन समझ, अभिव्यक्ति एवं रचनात्मक सोच के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस अवसर पर रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के प्रोग्राम एसोसिएट गौरव सिंह राठौड़ एवं गणेश टाक द्वारा विद्यालयों में आयोजित गतिविधियों का अवलोकन किया गया। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालयों में नियमित पुस्तकालय एवं पठन गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया।

बंगाल की खाड़ी के डिप्रेशन से राजस्थान में मानसून सक्रिय, आज 11 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

जयपुर,वेब वार्ता । बंगाल की खाड़ी में बने डिप्रेशन सिस्टम के प्रभाव से राजस्थान में मानसून फिर पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार से इस सिस्टम का असर और बढ़ेगा, जिसके चलते प्रदेश के कई हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। गुरुवार को 11 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 31 जुलाई और एक अगस्त को भी कई जिलों में भारी बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है।



मौसम विभाग का कहना है कि अगस्त के पहले सप्ताह तक प्रदेश में मानसून सक्रिय बना रहेगा।

जयपुर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पूर्वी भारत के ऊपर बना डीप डिप्रेशन कमजोर होकर अब डिप्रेशन में बदल गया है। वर्तमान में यह सिस्टम उत्तरी ओडिशा, दक्षिणी झारखंड और उससे सटे छत्तीसगढ़ क्षेत्र के ऊपर स्थित है तथा अगले 24 घंटों में इसके धीरे-धीरे पश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस :एसएमएस स्टेडियम सहित शहर के प्रमुख स्थलों पर होगा सामूहिक योगाभ्यास

जयपुर,वेब वार्ता। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के अवसर पर रविवार को जयपुर में विभिन्न स्थानों पर भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम में आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त शहर के प्रमुख सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों अल्बर्ट हॉल, पत्रिका गेट, जलमहल तथा आमेर फोर्ट पर भी प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में आमजन की सहभागिता रहेगी। योगाभ्यास कार्यक्रमों में विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थी, विभिन्न संस्थाओं के योग साधक, एनसीसी, सीआरपीएफ, पुलिस, होमगार्ड, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के कार्मिक भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। विभिन्न स्थलों पर प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है तथा संबंधित विभागों को



समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।जिला कलक्टर ने आमजन से अधिकाधिक संख्या में योगाभ्यास कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं आध्यात्मिक उन्नति का प्रभावी माध्यम है।

नियमित योगाभ्यास स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देता है तथा तनाव मुक्त एवं सकारात्मक जीवन जीने में सहायक होता है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में योग वैश्विक स्तर पर समग्र स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रभावी साधन के रूप में स्थापित हो चुका है।

महिला पुलिसकर्मियों को गुड-टच, बैड टच के बारे में बताया

जालोर, 30 जुलाई (वेबवार्ता) । राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चल रहे महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार शाम जालोर जिला पुलिस ने महिला पुलिसकर्मियों के साथ संवाद और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसके बाद शहर में रैली निकालकर महिला सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह इंदौलिया के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। महिला सुरक्षा कानूनों की दी जानकारी कार्यक्रम में जिले की महिला पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े कानूनों, पुलिस की विभिन्न सुरक्षा योजनाओं और संवेदनशील मामलों में प्रभावी कार्रवाई की जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन गरिमा, बच्चों की सुरक्षा से जुड़े पॉक्सो एक्ट (POCSO Act) और बच्चों को गुड टच-बैड टच के बारे में जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। आत्मरक्षा और राजकॉप एप के बारे में बताया कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों को आपात स्थिति में खुद की सुरक्षा के लिए आत्मरक्षा की बुनियादी तकनीकों की जानकारी भी दी गई। साथ ही डिजिटल सुरक्षा के तहत महिलाओं को तुरंत पुलिस सहायता उपलब्ध कराने वाले राजकॉप सिटीजन एप को डाउनलोड करने और उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। हेल्पलाइन नंबरों की भी दी जानकारी कार्यक्रम के दौरान 24 घंटे संचालित महिला गरिमा हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 के उपयोग की जानकारी भी दी गई।

चित्तौड़गढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 10 घंटे मैं नकबजनी का खुलासा

चित्तौड़गढ़,वेब वार्ता । सदर थाना चित्तौड़गढ़ पुलिस ने सहनवा गांव में किसान के फार्म हाउस में हुई नकबजनी और चोरी की वारदात का मात्र 10 घंटे में खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी गया फार्मट्रैक-60 ट्रैक्टर मय ट्रॉली, गेहूं-जौ सहित पूरा सामान बरामद कर लिया है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल लोडिंग ऑटो भी जब्त किया गया है। मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 29 जुलाई को सहनवा निवासी गोविंद सिंह जाट ने सदर थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि उनके खेत पर बने मकान और गोदाम से किसी अज्ञात बदमाश ने रात में प्रवेश कर फार्मट्रैक-60 ट्रैक्टर मय ट्रॉली, गोदाम में रखा करीब 12 क्विंटल गेहूं, 12 कट्टे जौ, 2 कट्टे डीएपी खाद और अन्य सामान चुरा लिया है। रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर खुलासे के लिए एक विशेष टीम गठित की गई। एएसपी गजेंद्र सिंह जोधा और डीएसपी ब्रजेश सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी प्रेम सिंह के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी साक्ष्य जुटाए। वारदात स्थल और वारदात के तरीके का बारीकी से विश्लेषण किया। पुलिस ने राहुल जटिया पुत्र माधुलाल निवासी नई आबादी बोदियाना थाना चंदेरिया हाल नई आबादी बानसेन थाना भदेसर, दीपक जटिया पुत्र श्यामलाल निवासी नई आबादी बानसेन थाना भदेसर, इरफान मोहम्मद पुत्र साबिर मोहम्मद निवासी नई आबादी पुठोली थाना गंगरार और वाजिद मीर खां पुत्र वाहिद मीर खां निवासी विलायती का खेड़ा थाना शंभुपुरा को गिरफ्तार किया।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 12 क्विंटल गेहूं और 12 कट्टे जौ भी बरामद किए। घटना में प्रयुक्त लोडिंग टेम्पो को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। टीम में एएसआई ददू सिंह, कांस्टेबल बलवंत सिंह, गजेंद्र सिंह और धर्मेंद्र कुमार शामिल थे। टीम ने मुखबिर की सूचना और आसूचना संकलन के आधार पर मात्र 10 घंटे में कार्रवाई करते हुए सरहद चकतिया, मंगलवाड़ से चोरी का ट्रैक्टर मय ट्रॉली बरामद कर लिया। इसके बाद वारदात में शामिल चार आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने राहुल जटिया पुत्र माधुलाल निवासी नई आबादी बोदियाना थाना चंदेरिया हाल नई आबादी बानसेन थाना भदेसर, दीपक जटिया पुत्र श्यामलाल निवासी नई आबादी बानसेन थाना भदेसर, इरफान मोहम्मद पुत्र साबिर मोहम्मद निवासी नई आबादी पुठोली थाना गंगरार और वाजिद मीर खां पुत्र वाहिद मीर खां निवासी विलायती का खेड़ा थाना शंभुपुरा को गिरफ्तार किया।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 12 क्विंटल गेहूं और 12 कट्टे जौ भी बरामद किए। घटना में प्रयुक्त लोडिंग टेम्पो को भी जब्त कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।



50-साल की मां और 90-साल की नानी भूख-हड़ताल पर बैठी

जालोर, 30 जुलाई (वेबवार्ता) । जालोर में भैंसवाड़ा निवासी अमृत देवासी हत्याकांड में निष्पक्ष जांच और आरोपियों को पकड़ने को लेकर पीड़ित परिवार का आंदोलन तेज हो गया है। परिवार के सदस्य पिछले तीन दिनों से जालोर में धरने पर बैठे है। बुधवार को अमृत की 50 वर्षीय मां रती देवी और 90 वर्षीय नानी मेथी देवी ने आमरण भूख हड़ताल शुरू कर दी। उनका कहना है कि जब तक मामले का खुलासा नहीं हो जाता है, दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है। तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

परिजनों ने बताया कि करीब 3 साल पहले अमृत देवासी की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर उसका शव तालाब में फेंक दिया गया था। घटना के इतने लंबे समय बाद भी पुलिस आरोपियों तक नहीं पहुंच सकी है, जिससे परिवार और क्षेत्र के लोगों में गहरा आक्रोश है। निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कराने की मांग पीड़ित परिवार का आरोप है कि अमृत का मोबाइल फोन बरामद होने के बावजूद उसकी फॉरेंसिक रिपोर्ट आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिससे जांच प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। परिवार ने इस संबंध में जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गवांडे को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नाम को पत्र दिया। साथ ही, मामले में हस्तक्षेप करने और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित कराने की मांग की है। धरना और भूख हड़ताल जारी भूख हड़ताल पर बैठी रती देवी ने कहा कि उनका परिवार पिछले तीन वर्षों से न्याय के लिए प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के लगातार चक्कर लगा रहा है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। उन्होंने कहा कि अब उन्हें न्यायपालिका और केंद्र सरकार से ही उम्मीद है। परिवार ने चेतावनी दी है कि दोषियों की गिरफ्तारी और मामले के खुलासे तक उनका धरना और भूख हड़ताल जारी रहेगी।

सर्वाइकल प्री-कैंसर के इलाज और नई वैक्सीन की तकनीक सौंपी

नई दिल्ली, 30 जुलाई (वेब वार्ता)। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने सर्वाइकल प्री-कैंसर के संभावित इलाज और नई वैक्सीन तकनीकों का लाइसेंस भारतीय दवा कंपनियों को सौंपा है। इस कदम से देश में सस्ती और स्वदेशी दवाएं व वैक्सीन उपलब्ध होने की उम्मीद है। शेता दो नामक सर्वाइकल प्री-कैंसर इलाज का लाइसेंस एमक्योर फार्मास्युटिकल्स को दिया गया है। यह तकनीक एचपीवी संक्रमण से होने वाले सर्वाइकल इंट्राएपिथेलियल नियोप्लासिया का इलाज करती है। शेता दो केवल संक्रमित कोशिकाओं को खत्म करती है, स्वस्थ कोशिकाओं को नहीं। यह महिलाओं के लिए सुरक्षित विकल्प बन सकती है। इसके अतिरिक्त, आईसीएमआर के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर रिसर्च इन बैक्टीरियल इंफेक्शंस, कोलकाता ने दो वैक्सीन तकनीकें विकसित की हैं। इनका लाइसेंस बायोलॉजिकल ई को मिला है। इनमें टाइफाइड और अन्य पेट के संक्रमणों (पैराटाइफाइड, शिगेला) से बचाव की वैक्सीन शामिल हैं। यह कार्यक्रम डीएफवाई इंडिया के आस्था प्रोजेक्ट के तहत मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल आने वाले लोगों को ओरल हाइजीन किट बांटी गईं। जागरूकता सत्रों में कैंसर के शुरुआती लक्षणों, जोखिम वाले कारणों और समय पर जांच कराने की जरूरत पर जानकारी दी गई। ये संक्रमण बच्चों में गंभीर दस्त का कारण बनते हैं।

बांग्लादेश में बेरोजगारी, इसलिए भारत में अवैध घुसपैठ कर रहे वहां के नागरिक; पूछताछ में कई बड़े खुलासे

गुरुग्राम,वेब वार्ता । बीते दिनों गुरुग्राम के अलग-अलग इलाकों से 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया था, यह पहली बार नहीं था, इससे पहले भी तीन सालों में सौ से ज्यादा बांग्लोदशी नागरिक अवैध रूप से रहते पाए जा चुके हैं। भारत में इनके अवैध रूप से घुसपैठ करने के पीछे का कारण जब इनसे पूछा गया तब उन्होंने बांग्लोदश में रोजी-रोटी का संकट होने जैसी बातें कहीं। पूछताछ में पता चला कि बांग्लोदश में बेरोजगारी के कारण इन्हें महीनों तक काम नहीं मिल रहा था। सोमवार और मंगलवार को चलाए गए अभियान में इस्लाम, सुमोन अली, आरिफ, सबीर हुसैन, रूबल, साकिब, रोब्यूल, गुलजार हुसैन, नईम, महबूब, हमीदूर इस्लाम, अतिहार रहमान, हैसम नाम के बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया था।

अवैध रूप से भारत में घुसे थे: ये सभी सोहना, ट्यूलिप चौक, सेक्टर 70, नखड़ौला, मानेसर व विभिन्न जगहों पर झुग्गियों व निर्माणाधीन साइट के पास रह रहे थे। सभी ढाका के पास ठाकुरबाड़ी और कंडी क्षेत्र के रहने वाले हैं। ये कालियागंज बॉर्डर से बांग्लादेशी एजेंट की मदद से अवैध रूप से भारत में घुसे थे। इन नागरिकों से पूछताछ में पता चला कि बांग्लादेश में इनके जैसे अनेक परिवारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते कई सालों से बांग्लादेश के हालात ठीक नहीं हैं। वहां पर उद्योग धंधे भी बंद हो रहे हैं। दिहाड़ी श्रमिक का काम भी नहीं मिल पा रहा था। करीब एक साल पहले नागरिकों ने कर्ज लेकर एजेंटों को पैसे दिए और भारत में घुसपैठ की। ये नागरिक यहां पर ऊंची-ऊंची निर्माणाधीन बिल्डिंगों पर पाइप का काम कर रहे थे।

दलालों के माध्यम से घरों को पैसा आनलाइन भेज रहे थे।



पिछले साल खाली हो गई थीं झुग्गियां, अब फिर नूंह तक बसावट

गुरुग्राम समेत एनसीआर में पुलिस ने बांग्लादेशी रोहिंग्याओं के खिलाफ कड़ा अभियान चलाया था। गुरुग्राम पुलिस ने भी बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान की थी और इन्हें पकड़कर डिटेंशन सेंटर में रखा था। पुलिस की कार्रवाई से डर के कारण रातों-रात कई जगहों पर बसीं झुग्गियां खाली हो गई थीं और रोहिंग्या यहां से चले गए थे। लेकिन समय बीतने के साथ ही अब फिर से धीरे-धीरे इनकी वापस हो गई और अब झुग्गियां दिल्ली से राजस्थान बार्डर तक बस गई हैं। नूंह के पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका और बिछौर इलाकों में झुग्गियां बसी हुई हैं और सैकड़ों की संख्या में रोहिंग्या रह रहे हैं।



MANAPPURAM FINANCE LTD.
CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 17.08.2026 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाड़मेर, बालोतरा राजस्थान, 0135580700014639, 4948, 4978, 5423, 6053, 6161, 6391, 6410, 6583, 6595, 6654, 0135580730018840, 8850, 9812, 0275, 0304, 0538, 0695, 0722, 1003, 1738, 5026, 5029, 0109, बाड़मेर, 0138040700004203, 4263, 4392, 0138040730026935, 1473, 2367, 2368, 2698, 2749, 2772, 3084, 4058, 4089, 4094, 4259, 4283, 4345, 8615, 8620, 8622, 8624, 8626, 0050, पालिका बाज़ार न्या बस स्टैंड बालोतरा, 0138060700004516, 4785, 4840, 5006, 5291, 5393, 5448, 5455, 5471, 6010, 6011, 0138060730006605, 6757, 6758, 6884, 6977, 8088, 1140, जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 0114110700043556, 3958, 4569, 5797, 5931, 6152, 6209, 6244, 6351, 6649, 6718, 6876, 6964, 7125, 7156, 7251, 7283, 7563, 7609, 7647, 7699, 7734, 7799, 7839, 7852, 7855, 7906, 7924, 7928, 8068, 8097, 8107, 8113, 8130, 8142, 8143, 9368, 9369, 9372, 0114110730032820, 4616, 4700, 4991, 5268, 6041, 6204, 6465, 6731, 7013, 7259, 2859, 2860, 2862, 2863, 2868, 2877, 2878, महा मंदिर सर्कल, 0123010700037186, 7187, 7385, 7836, 7907, 8724, 8997, 9010, 9100, 9245, 9246, 9250, 0123010730040846, 2200, 4229, 4230, 4231, 4740, 5062, 5592, 5841, 8977, 4394, 4397, 4398, फलौदी शाखा राजस्थान, 0135610700012512, 4246, 4677, 5041, 5249, 5287, 5422, 5549, 5677, 6016, 6421, 6511, 6536, 6787, 6891, 6933, 6960, 6974, 6979, 6990, 7001, 7022, 7052, 7064, 7112, 7188, 7216, 7227, 7329, 7439, 7477, 7526, 7545, 7555, 7723, 7738, 7742, 7776, 7856, 7858, 7864, 7896, 7913, 7918, 7929, 7930, 0135610730011716, 2172, 2776, 3152, 4115, 4452, 4492, 4493, 4617, 4715, 4915, 5000, 5050, 5525, 5964, 6411, 6668, 6702, 6711, 6754, 6819, 6909, 6987, 2110, सरस्वती नगर जोधपुर, 0124320700033102, 4002, 4933, 5496, 5526, 5752, 5861, 6358, 6483, 6490, 6537, 6821, 6897, 7120, 7216, 7266, 7757, 7788, 8267, 8315, 8374, 8551, 8580, 8664, 8667, 8668, 8689, 8701, 8745, 8760, 8778, 8830, 8862, 8953, 8973, 9001, 9106, 9117, 0459, 0124320730031875, 2775, 3167, 3171, 3546, 3655, 3837, 4433, 4839, 4972, 5592, 6495, 6550, 6642, 6742, 6753, 7265, 7382, 8215, 8226, 8573, 8698, 8825, 8955, 9252, 9359, 9520, 9597, 9994, 0106, 0107, 0108, 7218, 7219, 7234, 7236, पाली, मानखिया रोड, 0115370700020647, 2709, 2711, 2716, 2795, 2893, 3141, 3207, 3400, 3770, 3792, 3806, 3820, 3888, 4051, 4109, 4156, 4982, 0115370730024588, 4634, 4947, 6415, 6529, 6662, 7122, 7203, 7336, 7344, 7672, 8176, 8332, 2787, 2789, 2791, 2792, 2795, 2797, सुमेरपुर, 0135550700013049, 3255, 3259, 3335, 3351, 3400, 3536, 3565, 3719, 3900, 3902, 0135550730023854, 3864, 4292, 4468, 4476, 4558, 5169, 5440, 5450, 5745, 8457, 8459, 8460, 8463, 8464, सूरजपोल पाली, 0115410700025164, 6825, 7726, 7872, 7916, 7963, 8829, 8921, 8971, 9136, 9245, 9322, 9323, 9362, 9551, 9566, 9684, 9804, 9822, 9864, 9876, 9878, 0842, 0115410730023949, 4975, 4986, 5640, 6019, 6591, 7198, 7476, 8061, 8165, 8983, 8989, 8999, 4129, 4132, सिरोही, आबू रोड, 0138340700001719, 2000, 2160, 2173, 2511, 0138340730021466, 1467, 1469, 1470, बायपास रोड सिरोही, 0138070700004151, 4725, 4885, 0138070730005842, 8665, 1763, 1764, 1765, गौशाला रोड शिवगंज, 0137980700004240, 4254, 4705, 4952, 5560, 0137980730008057, 8106, 8116, 9047, 1857, 2101, 2125, 2363, 5872, 0034, सिरोही राजस्थान, 0119970730034583, 7734, 7995, 9093, 9623, 9866, 4230, 4235,

ऊपर बताई गई नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक व्यक्तियों को नीचे दी गई बातों का पालन करना होगा: इच्छुक बोली लगाने वालों को नीलामी के दिन ही एनईएफटी/आरटीजीएस के जरिए 10,000/- रुपये ईएमडी (जो बोली हारने वालों को वापस कर दिया जाएगा) जमा करना होगा। बोली लगाने वालों के पास वैध आईडी कार्ड/पैन कार्ड होना चाहिए। ज्यादा जानकारी के लिए कृपया 9072607147 पर संपर्क करें।

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए सोनू वेब ऑफसेट, प्लॉट नं. 28, विवेकानन्द कॉलोनी पूर्व की तरफ, सिरोही बाई-पास सिरोही से मुद्रित व गोगाजी मंदिर के सामने, हिम्मतरामजी माली का मकान, राजेन्द्र नगर जालोर से प्रकाशित। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक-युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई-मेल: yuvrajsinghh@gmail.com